एक नजर में

थाना प्रभारी सम्मानित

ककरौली : कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होने पर गांव ढांसरी के जिम्मेदार लोगों ने ककरौली थाना प्रभारी नोवेंद्र सिंह सिरोही, जटवाड़ा चौकी प्रभारी सहेंसर पाल मलिक, एसएसआई अभिनंदन शर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान पवन चौहान, बबलू प्रधान, जगपाल, पंकज चौहान, अजीत सिंह, नरेंद्र कुमार, शोभाराम, महिपाल, जयप्रकाश और ज्ञान सिंह, निगम सिंह उपस्थित रहे।

तीन वारंटी गिरफ्तार

पुरकाजी : क्षेत्र के गांव कम्हेडा निवासी संजय, मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अलीम और मोहल्ला जाटान निवासी रईस के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने पेश नहीं होने के कारण इनके विरुद्ध वारंट जारी हुए थे। -संसू

किशोरी को ले जाने का आरोप

खतौली : एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। आरोपित युवक किशोरी को अपने साथ उत्तराखंड के एक जनपद में ले गया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है। -जासं

शुकतीर्थ की होगी कायापलट, डीएम ने किया निरीक्षण

नगरी में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को 54.58 करोड़ से निर्माण कार्य शुरू, गंगा किनारे बनेगा भव्य घाट

शुकतीर्थ में स्थलीय निरीक्षण करते डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी • जागरण


शुकतीर्थ में बनने वाले टूरिस्ट फैसेलिटी सेंटर (पर्यटक सुविधा केंद्र) का माडल • सौ : संस्था

संवाद सूत्र, जागरण • मोरना: पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ की कायापलट को लेकर निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 54.58 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें पर्यटक सुविधा केंद्र के अलावा गंगा किनारे भव्य नए घाट का निर्माण और पार्किंग स्थल का जीर्णोद्धार होगा। मंगलवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

शुकतीर्थ श्रीमदभागवत की उद्गम स्थली है, जहां पर देशभर के लोगों में आस्था है। समय-समय पर यहां लोग दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुकतीर्थ में कई बार आ चुके हैं। उन्होंने शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया। इसके जरिये शुकतीर्थ के सुंदरीकरण और विकास को लेकर अनेक कार्य होने हैं। सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए शुकतीर्थ को नए सिरे से सजाया और संवारा जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा नगरी में लगभग 54.58 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसमें पर्यटक सुविधा केंद्र के अलावा गंगा किनारे भव्य नया घाट का निर्माण होगा है, जिस पर 21.25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलग-अलग तल पर आगंतुकों के लिए सुविधायुक्त कमरे बनाए जाएंगे। बेसमेंट में 45 कार पार्किंग के साथ टीएफसी के पीछे 12 बसों के लिए पार्किंग तैयार की जाएगी। इसके अलावा 20 करोड़ रुपये की लागत से गंगा किनारे 240 मीटर लंबे और 30 मीटर चौड़े घाट का निर्माण किया जाएगा। आरती स्थल, चेंजिंग रूम, बैठने की व्यवस्था की भी सुविधा होगी। लगभग साढ़े छह करोड़ की लागत से धाम तक जाने वाले मार्गों का विकास किया जाएगा। साथ विभिन्न कलाकृतियां बनाई जाएंगी। पाथवे, बेंचेज, डस्टबिन, हार्टिकल्चर, पार्किंग आदि का भी निर्माण किया जाएगा। लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से पूर्व निर्मित दो पार्किंग का जीर्णोद्धार होगा। गंगा घाट के कुछ स्थानों पर आरती स्थल, व्यू प्वाइंट, सोदी बनाई मज जाएंगी। नदी के दूसरी ओर स्टेच्यू सेल्फी प्वाइंट, इंट्री गेट और पुल की मरम्मत भी कराई जाएगी। मंगलवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने निर्माण एजेंसी सी एंड डीएस के सहायक अभियंता रामबीर सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण किया तथा नक्शे व माडल के अनुसार कार्य कराने के आदेश दिए। इस दौरान प्रधान राजपाल सैनी, पूर्व प्रधान नीरज शास्त्री, गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह, मैनेजर देवेंद्र आर्य मौजूद रहे।

मेला छड़ियान की तैयारियां शुरू, नीलामी से होगी आय

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर होगा मेले का शुभारंभ
- मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो गया है बंद

जागरण संवाददाता, खतौली: नगर पालिका परिषद ने मेला छड़ियान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार भी मेला छड़ियान नीलामी पर छोड़ा जाएगा। पालिका के राजस्व में मेला छड़ियान बड़ी बूस्टर डोज बनता है। इसके एक मुश्त लगभग 40 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त होती है। पालिका ने मेला छड़ियान के लिए खुली बैठक कराने का निर्णय लिया है। टैक्स विभाग को नीलामी की शर्तें एवं नियम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर में गोगा जाहरवीर म्हाड़ी पर लगने वाले ऐतिहासिक मेला श्रावणी छड़ियान को लेकर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई आरंभ की है। तत्कालीन चेयरपर्सन बिलकीस बेगम के कार्याकाल में मेला छड़ियान को नीलामी पर छोड़ने की प्रथा लागू की गई। वर्ष 2022 में मेला छड़ियान से पालिका ने 50 लाख रुपये की आय प्राप्त की थी, जबकि वर्ष 2023 में ठेका 45 लाख रुपये में छोड़ा गया था। विशेष है कि पालिका मेला छड़ियान की नीलामी खुली बैठक में कराती है।

इस वर्ष भी मेले की खुली नीलामी के लिए निविदा छोड़ी गई है। जिसमें आमंत्रित कार्यदायी संस्था को जमानत राशि लगभग 50 हजार रुपये जमा करानी होगी। चेयरमैन हाजी शानहवाज लालू ने टैक्स विभाग के राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार, लिपिक कपिल कुमार को मेले संबंधित सभी तैयारियों को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। 13 अगस्त को नीलामी कराकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शुभारंभ कराने की रूपरेखा बनाई गई है।

> मेला छड़ियान का ठेका एक माह के लिए छोड़ा जाएगा। इसके लिए खुली बैठक में कार्यदायी संस्था अपने स्तर से बोली लगाकर नीलामी में भाग ले सकती है। इससे पहले सभी प्रमाण-पत्र एवं नियम-शर्तों को विभाग में पहुंचकर ज्ञात किया जा सकता है।
>
> - मनोज कुमार, राजस्व निरीक्षक नगर पालिका खतौली

सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद किए गए : मेला छड़ियान में प्रमुख रूप से भीड़ जुटाने का काम सांस्कृतिक कार्यक्रम का होता है। वर्ष 2022 से मेला छड़ियान के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पालिका प्रशासन ने बंद कर दिए हैं। इससे लोगों में मायूसी है। गत वर्ष भी कार्यक्रमों को लेकर तैयारी की गई, लेकिन अंतिम क्षणों में यह निरस्त हो गई।

घायल सैनिक की मौत, सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

छुट्टी पर आए आशीष कुमार दुर्घटना में हो गए थे घायल, सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते मेरठ से आए सेना के अधिकारी • जागरण

सैनिक आशीष कुमार •

भाई आशीष की मौत की सूचना मिलते ही तीन बहनों में दूसरे नंबर की प्रिया भी मायके आ गई थी। मंगलवार को जब ताबूत में भाई का शव आया तो बहन ताबूत से लिपटकर रोते हुए बोली कि अब किसे राखी बांधूगी भाई। यह दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो गईं • रोहिताश्व कुमार वर्मा

संवाद सूत्र, जागरण • भोपा : तीर्थनगरी शुकतीर्थ में छुट्टी पर आए सैनिक आशीष कुमार की दुर्घटना में घायल होने के बाद सोमवार को दिल्ली अस्पताल में मौत हो गई। तीन बहनों के इकलौते भाई आशीष की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। मंगलवार को गंगा तट के श्मशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मेरठ से आई सेना की टोली ने सलामी दी।

शुकतीर्थ स्थित दुर्गा धाम कालोनी निवासी राममेहर का 27 वर्षीय इकलौता बेटा आशीष कुमार 152 एयर डिफेंस सैनिक के पद पर सितंबर 2019 में भर्ती हुआ था। चेन्नई तथा जामनगर गुजरात के बाद वर्तमान में उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के जिला मोहर में 58 राष्ट्रीय राइफल में थी। बीते 30 जून को वह एक माह की छुट्टी लेकर घर आया था। गत 20 जुलाई को आशीष बाइक से शुकतीर्थ में गंगा बांध से आ रहा था तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से गंभीर घायल हो गया। स्वजन उसको मेरठ ले गए, जहां से दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली स्थित अस्पताल में सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह 11 बजे आशीष का पार्थिव शरीर शुकतीर्थ में लाया गया। पिता राममेहर सिंह, माता कश्मीरी देवी, पत्नी शिवानी व बहन सोनिया, प्रिया व प्रविता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद अंतिम यात्रा को गांव की गलियों से होकर श्मशान घाट पर पहुंची। मेरठ से 92 मीडियम रेजीमेन्ट के नायब सूबेदार अजैब सिंह के नेतृत्व में सैनिकों द्वारा गार्ड आफ आनर व तीन राउंड फायरिंग से सलामी दी गई। इसके बाद पिता राममेहर ने चिता को मुखाग्नि दी। प्रधान राजकुमार, मदनपाल, नेमपाल, रोबिन पाल, प्रमोद कुमार मौजूद रहे। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के ब्लाक अध्यक्ष सुनील गुड्डू, संरक्षक हरिप्रकाश, प्रबंधक मांगेराम सहित, ब्रजवीर सिंह, कैप्टन सुधीश फौजी, जोगेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, राजकुमार फौजी, जयचन्द, इसम सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

माता-पिता पर टूटा गमों का पहाड़

पिता राममेहर व माता कश्मीरी देवी जवान बेटे की मौत के सदमे के कारण टूट चुके हैं। बताया कि आशीष की बचपन से यही इच्छा थी कि वह आर्मी ज्वाइन करे। अन्य किसी नौकरी के लिए उसने आवेदन नहीं किया। देश सेवा ही उसका सपना था। इंटर के बाद से ही वह आर्मी में भर्ती की तैयारी में जुट गया था।

चार माह पहले हुई थी शादी, तीन वहनों के इकलौते भाई थे

सैनिक आशीष कुमार की शादी 18 फरवरी 2024 को खतौली क्षेत्र के ग्राम अंतवाडा निवासी शिवानी के साथ हुई थी। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। शादी के बाद पहली बार गत 30 जून को एक महीने की छुट्टी लेकर घर आया था तथा 28 जुलाई को उसे वापस जाना था। पिता राममेहर सिंह ने बताया कि वर्ष 2009 में उनका परिवार शामली जिले के दथेडा गांव से आकर शुकतीर्थ में बस गया था। यहीं पर खेतीबाडी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ता से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

खतौली : आवास-विकास कालोनी निवासी भाजपा कार्यकर्ता नीटू कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विगत दिवस वह किसी कार्य से बिट्टीबाड़ा जैन मंदिर के निकट गया था। यहां पर रास्ते में रोहित, रवि निवासी देवीदास ने रोक कर गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित के ऊपर जानलेवा हमला किया। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। -जासं

कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

रतनपुरी : गांव चंदसीना में सरफूद्दीन और हाशिम सगे भाइयों में मंगलवार को घर के बाहर कूड़ा डालने को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने के साथ लाठी-डंडे चल चले, जिसमें शायदा पत्नी अनीश और जुबेदा घायल हो गई। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी। -संसू

युवक को बंधक बनाकर पीटा चाकुओं से किया हमला

जागरण संवाददाता, खतौली: कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला घंटाघर गली में कुछ युवकों ने एक युवक को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। युवक पर चाकू डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर मौके पर एकत्र हुई भीड़ को देखकर हमलावर फरार हो गए।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बडसू निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र दीपचंद का पुत्र तुषार विगत रात किसी कार्य से खतौली आया था। जब वह घंटाघर से होते हुए गांव की तरफ जा रहा था तो वहां पर पहले से घात लगाए खड़े नीटू पुत्र इलम सिंह व मिंटू पुत्र इलम सिंह, कर्नल पुत्र राजवीर ग्राम निवासी तिगाई मुबारिकपुर ने उसे पकड़ लिया। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपित उसे घंटाघर रोड से खींचकर गली में ले गए और वहां पर चाकू और डंडों के अलावा लोहे के पंच से हमला कर दिया। युवक लहूलुहान होकर गली में गिर गया। शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुट गई तथा लोगों को आता देख हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तैयारी पर हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

युवा संगठन के विस्तार के लिए बैठक आयोजित

संवाद सूत्र, जागरण • जानसठ : क्षेत्र के एक गांव में राष्ट्रीय लोक दल के युवा संगठन विस्तार के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई।

मंगलवार को गांव सलारपुर में राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिला महामंत्री संचित प्रधान के आवास पर बैठक हुई। उसमें क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर ने युवाओं को चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने और पार्टी के प्रति निष्ठा से संगठित होकर कार्य करने के लिए कहा। संचित प्रधान ने कहा कि युवाओं को चौधरी अजीत सिंह के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। सभी को संगठित होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पार्टी से जुड़ने की अपील की। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, युवा जिला

मंत्री ने बांध बनवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

संवाद सूत्र, जागरण • पुरकाजी: पुरकाजी के खादर क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध बनवाने को लेकर कैबिनेट मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में खादर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही सोलानी नदी की सफाई व खोदाई की भी मांग उठाई है।

गत तीन जुलाई को कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सिंचाई विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ पुरकाजी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया था। किसानों ने मंत्री को बाढ़ के पानी से हुए नुकसान की जानकारी दी थी। पत्र में लिखा कि बाढ़ के पानी से खादर क्षेत्र में जगह-जगह पर रास्ते अवरूद्ध हो गए। जिस कारण स्कूली बच्चों का आवागमन आने वाली बाढ़ से किसानों की हजारों बीघा फसल बर्बाद हो जाती है। बांध बनने से किसानों की फसल जल प्रलय से बर्बाद होने से बच जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द बांध के निर्माण के लिए उक्त परियोजना पर प्रदेश स्तर से नाबार्ड से धन आवंटित करने की अपील की। दूसरे पत्र में लिखा कि शुक्रतीर्थ हजारों वर्ष पूर्व से ही पवित्र स्थल है। जहां पर देशभर से प्रतिवर्ष साधू संत व श्रद्धालु शुक्रतीर्थ गंगा घाट पर गंगा स्नान पूजा अर्चना व श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करते हैं। सोलानी नदी में अत्यधिक सील्ट जमा होने से गंगा की जलधारा में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने सोलानी नदी की सफाई व खोदाई कराने की भी मांग की है। कैबिनेट

दि किसान को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्री लि०, सरसावा (सहारनपुर)
पत्र संख्या- 1-453/24-25 दिनांक 06/08/2024
-: ई-ऑक्शन निविदा सूचना :-
पेराई सत्र 2023-24 में उत्पादित 2850 कुन्तल ब्राउन शुगर के विक्रय हेतु ई-ऑक्शन के माध्यम से ई-निविदायें दिनांक 21-08-2024 की सांय 6-55 बजे तक आमन्त्रित की गई है, जिसकी टैक्निकल बिड दिनांक 22-08-2024 को 11-15 बजे खोली जायेगी तथा ई-ऑक्शन दिनांक 23-08-2024 को प्रातः 10-00 बजे से सांय 4-00 बजे तक किया जायेगा। टेण्डर से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी http://eauction.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार प्रधान प्रबन्धक में निहित होगा। **प्रधान प्रबन्धक**

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अ०ई-निविदा सूचनाः एतद्द्वारा निम्नलिखित कार्य की अ०ई-निविदा हेतु दिनांक 20.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है। तिथि विस्तार एवं संशोधन तथा अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in एवं www.pvvnl.org पर उपलब्ध रहेंगी। ई-नि0 सं0-48 से 53/2024-25 की धरोहर राशि 2000.00 है। ई-नि0 सं0-48 एवं 49/2024-25 खण्ड-द्वितीय, बागपत में क्रमश उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ, खेकडा में लाईन मेन्टीनेन्स से सम्बन्धित कार्य हेतु। ई-नि0 सं0-50, 51, 52/2024-25, खण्ड-द्वितीय, बडौत में क्रमशः उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ/पंचम में पावर परिवर्तकों के लिंकेज, गेसकिट इत्यादि बदलने का कार्य। ई-नि0 सं0-53, 54, 55/2024-25, खण्ड-द्वितीय, बडौत में क्रमशः उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ/पंचम में दैवीय आपदा इत्यादि से सम्बन्धित कार्य। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बागपत। विद्युत हैल्प लाईन 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ)। राष्ट्रीय हित में बिजली बचाये। पत्रांकः 3315 दिनांकः 05.08.2024

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः-2ई-निविदा सं0 26/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०-प्रथम, मु0नगर के अन्तर्गत 10 किवा0 से 25 किवा0 भार वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर डबल पोल मीटर स्थापित करना तथा 05 किवा0 से 9.9 किवा० भार वाले उपभोक्ताओं पर थ्री-फेस मीटर स्थापित करने का कार्य। ई-निविदा सं0 27/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०प्र०/तृ०, मु0नगर के अन्तर्गत 10 किवा0 से 25 किवा0 भार वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर डबल पोल मीटर स्थापित करने का कार्य। ई-निविदा सं0 28/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०-तृ०, मु0नगर के अन्तर्गत 11केवी केबिल बॉक्स उपलब्ध कराते हुए भरने का कार्य। निविदाओं के खुलने की तिथि 22.08.2024 एवं प्रति ई-निविदा धरोहर राशि रू0 2000। कृपया विस्तार में सभी जानकारी हेतु बेबसाईट www.etender.up.nic.in/pvvnl.org से डाउनलोड करें तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए ई-निविदा खुलने के समय तक लॉग ऑन करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मुजफ्फरनगर। पत्रांकः 2399, दिनांकः 06.08.2024

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
ई-निविदा सूचनाः निम्न निविदायें ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 21-8-2024 को अपराहन 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनके निविदा भाग-प्रथम, उसी दिन सॉय् 16:00 बजे खोले जायेगे यदि निविदा प्रपत्र खोलने वाले दिवस को अवकाश होता है, तो उक्त कार्य के लिये अगला दिवस माना जायेगाः अ0 का0 ईनि0सं0-15/वि० कार्यशाला मं०/मेरठ/2024-25 नि०मू० रु० 3540.00 (जी.एस.टी. सहित) धरो०रा०रु० 50,000.00 विद्युत कार्यशाला खण्ड, मुरादाबाद के अन्तर्गत संचालित बिजनौर, गजरौला, एवं मुरादाबाद विद्युत कार्यशालाओं में उपलब्ध ट्रॉसफार्मरो के गन्दे तेल का परिशोधन IS 1866/2000 के अनुसार साईट पर ही कराने का कार्य। अ0का0ईनि0सं0-16/वि०कार्यशाला मं०/मेरठ/2024-25 नि०मू० रु० 3540.00 (जी.एस.टी. सहित) धरो०रा०रु० 15000.00 विद्युत कार्यशाला मण्डल, मेरठ के अन्तर्गत विद्युत कार्यशाला खण्ड, मेरठ में 25 केवीए से 100 केवीए ट्रॉसफार्मरों के क्षतिग्रस्त/गैर-पुनः प्रयोज्य वेल्डेड टॉप-कवर को नए बोल्टेड टॉप-कवर से बदलने का कार्य। निविदा हेतु वांछित धरोहर राशि व

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली।
पत्रांकः- मु0चि0अ0/भर्ती/2024-25 दिनांक- 24.07.2024
शुद्धि - पत्र

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु0नगर।
वाद सं0 269 सन् 2022
बुद्धन पुत्र श्री जमीर हसन निवासी ग्राम भिक्की परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। ...वादी
बनाम
1. शानमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 2. शाजमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 3. नाजमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 4. नसरिन फात्मा उर्फ बीबी पत्नी स्व0 नजाकत हुसैन 5. हैदर अब्बास पुत्र शौकत हुसैन, 6. बहादुर पुत्र जाफर, 7. सज्जाद पुत्र जाफर, 8. मुन्ना उर्फ शाहनवाज पुत्र निसार, 9. मु0 शाहिदा पत्नी शमीम, 10. अफरोज पुत्र मुजाबिर, 11. जहीर आलम पुत्र मुजाबिर, 12. मुन्ना पुत्र मुजाबिर, 13. अली मियां पुत्र मुजाबिर, 14. जमाल हैदर पुत्र मुजाबिर, 15. मुस्ताजाब पुत्र मु0 वजीरी, 16. रफत अली पुत्र रियासत, 17. मुबारक पुत्र रियासत, 18. आरिफ पुत्र रियासत, 19. मजहर अब्बास पुत्र रियासत, 20. मदन सिंह पुत्र पीतम सिंह, 21. रविन्द्र पुत्र पीतम सिंह, 22. विनोद पुत्र पीतम सिंह, 23. सतीश पुत्र पीतम सिंह, 24. राजवीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 25. रणधीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 26. सोहनवीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 27. अजब सिंह पुत्र यादराम, 28. सतपाल पुत्र जबर सिंह, 29. चरण सिंह पुत्र जबर सिंह, 30. जगत सिंह पुत्र जबर सिंह, 31. श्रीमती मुनेश पत्नी धीर सिंह, 32. नाजमा पत्नी स्व0 मौ0 जफर, 33. बहादुर अली पुत्र मौ0 जफर, 34. सज्जाद अली पुत्र मौ0 जफर, 35. नजर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 36. अनवर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 37. हैदर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 38. जयपाल सिंह पुत्र श्याम सिंह, 39. संजय पुत्र श्याम सिंह, 40. श्रीमती वीरमती पत्नी श्याम सिंह, 41. विनेश पुत्र संजय कुमार, 42. कमर पालो पत्नी जयप्रकाश, 43. विनोद कुमार पुत्र सुन्दू, 44. महीपाल पुत्र अचपल, 45. श्रीपाल सिंह पुत्र अचपल, 46. सुखपाल सिंह पुत्र अचपल, 47. सुनित कुमार पुत्र अचपल, 48. प्रवीन कुमार पुत्र आनन्द, 49. सन्दीप कुमार पुत्र आनन्द, 50. बबलू कुमार पुत्र आनन्द, 51. श्रीमती मुकेश पत्नी विनोद कुमार, 52. मदन पुत्र सुन्दू, 53. पपीन पुत्र आनन्द, 54. पीतम पुत्र मूला, 55. कैलाश पुत्र काला, 56. बालिस्टर पुत्र ईशम पाल, 57. रीनू पुत्र ईशमपाल, 58. कालू उर्फ विपिन कुमार पुत्र बाबूराम, 59. नवीन कुमार पुत्र बाबूराम, 60. पंकज पुत्र ऋषिपाल, 61. सचिन पुत्र ऋषिपाल, 62. पप्पू उर्फ मंगत पुत्र तेजपाल सिंह, 63. जोगेन्द्र पुत्र तेजपाल सिंह, 64. कृष्णपाल उर्फ लाल्ला पुत्र तेजपाल सिंह, 65 श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी स्व0 तजपाल सिंह, 66. त्रिलोकचन्द पुत्र जबर सिंह, 67. नवाब सिंह पुत्र कीरथ पाल, 68. जोगेन्द्र पुत्र तेजपाल समस्त निवासीगण ग्राम रसूलपुर परगना भोकरहेड़ी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 69. उत्तर प्रदेश द्वारा कलैक्टर मुजफ्फरनगर। 70. ग्राम सभा/ग्राम पंचायत रसूलपुर परगना भोकरहेड़ी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ...प्रतिवादीगण
वाद अन्तर्गत धारा 144/134 UPRC Act
ग्राम : ग्राम रसूलपुर, परगनाः भोकरहेड़ी तहसील जानसठ जिला मु0नगर।
वाद उपरोक्त बुद्धन पुत्र श्री जमीर हसन निवासी ग्राम भिक्की परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर, द्वारा दायर किया गया है। वाद उक्त की बावत प्रतिवादीगण को वाद उक्त के सम्बन्ध में हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 09.08.2024 को प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुतालिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को, जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करें। अगर बराजे मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी

सिंह, नरेंद्र कुमार, शोभाराम, महीपाल, जयप्रकाश और ज्ञान सिंह, निगम सिंह उपस्थित रहे।

तीन वारंटी गिरफ्तार

पुरकाजी : क्षेत्र के गांव कम्हेडा निवासी संजय, मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अलीम और मोहल्ला जाटान निवासी रईस के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने पेश नहीं होने के कारण इनके विरुद्ध वारंट जारी हुए थे।-संसू

किशोरी को ले जाने का आरोप

खतौली : एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। आरोपित युवक किशोरी को अपने साथ उत्तराखंड के एक जनपद में ले गया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है।-जासं

लगभग 54.58 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें पर्यटक सुविधा केंद्र के अलावा गंगा किनारे भव्य नए घाट का निर्माण और पार्किंग स्थल का जीर्णोद्धार होगा। मंगलवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

शुकतीर्थ श्रीमदभागवत की उद्गम स्थली है, जहां पर देशभर के लोगों में आस्था है। समय-समय पर यहां लोग दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुकतीर्थ में कई बार आ चुके हैं। उन्होंने शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया। इसके जरिये शुकतीर्थ के सुंदरीकरण और विकास को लेकर अनेक कार्य होने हैं। सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए शुकतीर्थ को नए सिरे से सजाया और संवारा जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा नगरी में लगभग 54.58 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसमें पर्यटक सुविधा केंद्र के अलावा गंगा किनारे भव्य नया घाट का निर्माण होगा है, जिस पर 21.25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलग-अलग तल पर आगंतुकों के लिए सुविधायुक्त कमरे बनाए जाएंगे। बेसमेंट में 45 कार पार्किंग के साथ टीएफसी के पीछे 12 बसों के लिए पार्किंग तैयार की जाएगी। इसके अलावा 20 करोड़ रुपये की लागत से गंगा किनारे 240 मीटर लंबे और 30 मीटर चौड़े घाट का निर्माण किया जाएगा। आरती स्थल, चेंजिंग रूम, बैठने की व्यवस्था की भी सुविधा होगी। लगभग साढ़े छह करोड़ की लागत से धाम तक जाने वाले मार्गों का विकास किया जाएगा। साथ विभिन्न कलाकृतियां बनाई जाएंगी। पाथवे, बेंचेज, डस्टबिन, हार्टिकल्चर, पार्किंग आदि का भी निर्माण किया जाएगा। लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से पूर्व निर्मित दो पार्किंग का जीर्णोद्धार होगा। गंगा घाट के कुछ स्थानों पर आरती स्थल, व्यू प्वाइंट, सोदी बनाई मज जाएंगी। नदी के दूसरी ओर स्टेच्यू सेल्फी प्वाइंट, इंट्री गेट और पुल की मरम्मत भी कराई जाएगी। मंगलवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने निर्माण एजेंसी सी एंड डीएस के सहायक अभियंता रामबीर सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण किया तथा नक्शे व माडल के अनुसार कार्य कराने के आदेश दिए। इस दौरान प्रधान राजपाल सैनी, पूर्व प्रधान नीरज शास्त्री, गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह, मैनेजर देवेंद्र आर्य मौजूद रहे।

शुकतीर्थ में स्थलीय निरीक्षण करते डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी • जागरण



शुकतीर्थ में बनने वाले टूरिस्ट फैसेलिटी सेंटर (पर्यटक सुविधा केंद्र) का माडल • सौ : संस्था

मेला छड़ियान बड़ा बूस्टर डोज बनता है। इसके एक मुश्त लगभग 40 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त होती है। पालिका ने मेला छड़ियान के लिए खुली बैठक कराने का निर्णय लिया है। टैक्स विभाग को नीलामी की शर्तें एवं नियम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर में गोगा जाहरवीर म्हाड़ी पर लगने वाले ऐतिहासिक मेला श्रावणी छड़ियान को लेकर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई आरंभ की है। तत्कालीन चेयरपर्सन बिलकीस बेगम के कार्याकाल में मेला छड़ियान को नीलामी पर छोड़ने की प्रथा लागू की गई। वर्ष 2022 में मेला छड़ियान से पालिका ने 50 लाख रुपये की आय प्राप्त की थी, जबकि वर्ष 2023 में ठेका 45 लाख रुपये में छोड़ा गया था। विशेष है कि पालिका मेला छड़ियान की नीलामी खुली बैठक में कराती है।

इस वर्ष भी मेले की खुली नीलामी के लिए निविदा छोड़ी गई है। जिसमें आमंत्रित कार्यदायी संस्था को जमानत राशि लगभग 50 हजार रुपये जमा करानी होगी। चेयरमैन हाजी शानहवाज लालू ने टैक्स विभाग के राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार, लिपिक कपिल कुमार को मेले संबंधित सभी तैयारियों को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। 13 अगस्त को नीलामी कराकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शुभारंभ कराने की रूपरेखा बनाई गई है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद किए गए : मेला छड़ियान में प्रमुख रूप से भीड़ जुटाने का काम सांस्कृतिक कार्यक्रम का होता है। वर्ष 2022 से मेला छड़ियान के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पालिका प्रशासन ने बंद कर दिए हैं। इससे लोगों में मायूसी है। गत वर्ष भी कार्यक्रमों को लेकर तैयारी की गई, लेकिन अंतिम क्षणों में यह निरस्त हो गई।

> मेला छड़ियान का ठेका एक माह के लिए छोड़ा जाएगा। इसके लिए खुली बैठक में कार्यदायी संस्था अपने स्तर से बोली लगाकर नीलामी में भाग ले सकती है। इससे पहले सभी प्रमाण-पत्र एवं नियम-शर्तों को विभाग में पहुंचकर ज्ञात किया जा सकता है।
>
> – मनोज कुमार, राजस्व निरीक्षक नगर पालिका खतौली

घायल सैनिक की मौत, सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

छुट्टी पर आए आशीष कुमार दुर्घटना में हो गए थे घायल, सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते मेरठ से आए सेना के अधिकारी • जागरण

सैनिक आशीष कुमार •

भाई आशीष की मौत की सूचना मिलते ही तीन बहनों में दूसरे नंबर की प्रिया भी मायके आ गई थी। मंगलवार को जब ताबूत में भाई का शव आया तो बहन ताबूत से लिपटकर रोते हुए बोली कि अब किसे राखी बांधूगी भाई। यह दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो गई • रोहिताश्व कुमार वर्मा

संवाद सूत्र, जागरण • भोपा : तीर्थनगरी शुकतीर्थ में छुट्टी पर आए सैनिक आशीष कुमार की दुर्घटना में घायल होने के बाद सोमवार को दिल्ली अस्पताल में मौत हो गई। तीन बहनों के इकलौते भाई आशीष की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। मंगलवार को गंगा तट के श्मशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मेरठ से आई सेना की टोली ने सलामी दी।

शुकतीर्थ स्थित दुर्गा धाम कालोनी निवासी राममेहर का 27 वर्षीय इकलौता बेटा आशीष कुमार 152 एयर डिफेंस सैनिक के पद पर सितंबर 2019 में भर्ती हुआ था। चेन्नई तथा जामनगर गुजरात के बाद वर्तमान में उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के जिला मोहर में 58 राष्ट्रीय राइफल में थी। बीते 30 जून को वह एक माह की छुट्टी लेकर घर आया था। गत 20 जुलाई को आशीष बाइक से शुकतीर्थ में गंगा बांध से आ रहा था तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से गंभीर घायल हो गया। स्वजन उसको मेरठ ले गए, जहां से दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली स्थित अस्पताल में सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह 11 बजे आशीष का पार्थिव शरीर शुकतीर्थ में लाया गया। पिता राममेहर सिंह, माता कश्मीरी देवी, पत्नी शिवानी व बहन सोनिया, प्रिया व प्रविता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद अंतिम यात्रा को गांव की गलियों से होकर श्मशान घाट पर पहुंची। मेरठ से 92 मीडियम रेजीमेन्ट के नायब सूबेदार अजैब सिंह के नेतृत्व में सैनिकों द्वारा गार्ड आफ आनर व तीन राउंड फायरिंग से सलामी दी गई। इसके बाद पिता राममेहर ने चिता को मुखाग्नि दी। प्रधान राजकुमार, मदनपाल, नेमपाल, रोबिन पाल, प्रमोद कुमार मौजूद रहे। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के ब्लाक अध्यक्ष सुनील गुड्डू, संरक्षक हरिप्रकाश, प्रबंधक मांगेराम सहित, ब्रजवीर सिंह, कैप्टन सुधीश फौजी, जोगेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, राजकुमार फौजी, जयचन्द, इसम सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

माता-पिता पर टूटा गमों का पहाड़

पिता राममेहर व माता कश्मीरी देवी जवान बेटे की मौत के सदमे के कारण टूट चुके हैं। बताया कि आशीष की बचपन से यही इच्छा थी कि वह आर्मी ज्वाइन करे। अन्य किसी नौकरी के लिए उसने आवेदन नहीं किया। देश सेवा ही उसका सपना था। इंटर के बाद से ही वह आर्मी में भर्ती की तैयारी में जुट गया था।

चार माह पहले हुई थी शादी, तीन बहनों के इकलौते भाई थे

सैनिक आशीष कुमार की शादी 18 फरवरी 2024 को खतौली क्षेत्र के ग्राम अंतवाडा निवासी शिवानी के साथ हुई थी। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। शादी के बाद पहली बार गत 30 जून को एक महीने की छुट्टी लेकर घर आया था तथा 28 जुलाई को उसे वापस जाना था। पिता राममेहर सिंह ने बताया कि वर्ष 2009 में उनका परिवार शामली जिले के दथेडा गांव से आकर शुकतीर्थ में बस गया था। यहीं पर खेतीबाडी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ता से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

खतौली : आवास-विकास कालोनी निवासी भाजपा कार्यकर्ता नीटू कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विगत दिवस वह किसी कार्य से बिद्दीबाड़ा जैन मंदिर के निकट गया था। यहां पर रास्ते में रोहित, रवि निवासी देवीदास ने रोक कर गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित के ऊपर जानलेवा हमला किया। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। -जासं

कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

रतनपुरी : गांव चंदसीना में सरफूद्दीन और हाशिम सगे भाइयों में मंगलवार को घर के बाहर कूड़ा डालने को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने के साथ लाठी-डंडे चल चले, जिसमें शायदा पत्नी अनीश और जुबेदा घायल हो गई। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी।-संसू

युवक को बंधक बनाकर पीटा चाकुओं से किया हमला

जागरण संवाददाता, खतौली: कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला घंटाघर गली में कुछ युवकों ने एक युवक को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। युवक पर चाकू डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर मौके पर एकत्र हुई भीड़ को देखकर हमलावर फरार हो गए।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बडसू निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र दीपचंद का पुत्र तुषार विगत रात किसी कार्य से खतौली आया था। जब वह घंटाघर से होते हुए गांव की तरफ जा रहा था तो वहां पर पहले से घात लगाए खड़े नीटू पुत्र इलम सिंह व मिंटू पुत्र इलम सिंह, कर्नल पुत्र राजवीर ग्राम निवासी तिगाई मुबारिकपुर ने उसे पकड़ लिया। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपित उसे घंटाघर रोड से खींचकर गली में ले गए और वहां पर चाकू और डंडों के अलावा लोहे के पंच से हमला कर दिया। युवक लहूलुहान होकर गली में गिर गया। शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुट गई तथा लोगों को आता देख हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तैयारी पर हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

युवा संगठन के विस्तार के लिए बैठक आयोजित

संवाद सूत्र, जागरण • जानसठ : क्षेत्र के एक गांव में राष्ट्रीय लोक दल के युवा संगठन विस्तार के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई।

मंगलवार को गांव सलारपुर में राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिला महामंत्री संचित प्रधान के आवास पर बैठक हुई। उसमें क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर ने युवाओं को चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने और पार्टी के प्रति निष्ठा से संगठित होकर कार्य करने के लिए कहा। संचित प्रधान ने कहा कि युवाओं को चौधरी अजीत सिंह के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। सभी को संगठित होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पार्टी से जुड़ने की अपील की। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, युवा जिला

मंत्री ने बांध बनवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

संवाद सूत्र, जागरण • पुरकाजी: पुरकाजी के खादर क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध बनवाने को लेकर कैबिनेट मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में खादर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही सोलानी नदी की सफाई व खोदाई की भी मांग उठाई है।

गत तीन जुलाई को कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सिंचाई विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ पुरकाजी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया था। किसानों ने मंत्री को बाढ़ के पानी से हुए नुकसान की जानकारी दी थी। पत्र में लिखा कि बाढ़ के पानी से खादर क्षेत्र में जगह-जगह पर रास्ते अवरूद्ध हो गए। जिस कारण स्कूली बच्चों का आवागमन आने वाली बाढ़ से किसानों की हजारों बीघा फसल बर्बाद हो जाती है। बांध बनने से किसानों की फसल जल प्रलय से बर्बाद होने से बच जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द बांध के निर्माण के लिए उक्त परियोजना पर प्रदेश स्तर से नाबार्ड से धन आवंटित करने की अपील की। दूसरे पत्र में लिखा कि शुक्रतीर्थ हजारों वर्ष पूर्व से ही पवित्र स्थल है। जहां पर देशभर से प्रतिवर्ष साधू संत व श्रद्धालु शुक्रतीर्थ गंगा घाट पर गंगा स्नान पूजा अर्चना व श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करते हैं। सोलानी नदी में अत्यधिक सील्ट जमा होने से गंगा की जलधारा में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने सोलानी नदी की सफाई व खोदाई कराने की भी मांग की है। कैबिनेट

दि किसान को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्री लि०, सरसावा (सहारनपुर)
पत्र संख्या- 1-453/24-25 दिनांक 06/08/2024
-: ई-ऑक्शन निविदा सूचना :-
पेराई सत्र 2023-24 में उत्पादित 2850 कुन्तल ब्राउन शुगर के विक्रय हेतु ई-ऑक्शन के माध्यम से ई-निविदायें दिनांक 21-08-2024 की सांय 6-55 बजे तक आमन्त्रित की गई है, जिसकी टैक्निकल बिड दिनांक 22-08-2024 को 11-15 बजे खोली जायेगी तथा ई-ऑक्शन दिनांक 23-08-2024 को प्रातः 10-00 बजे से सांय 4-00 बजे तक किया जायेगा। टेण्डर से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी http://eauction.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार प्रधान प्रबन्धक में निहित होगा। **प्रधान प्रबन्धक**

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना:-2ई-निविदा सं0 26/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०-प्रथम, मु0नगर के अन्तर्गत 10 किवा0 से 25 किवा0 भार वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर डबल पोल मीटर स्थापित करना तथा 05 किवा0 से 9.9 किवा० भार वाले उपभोक्ताओं पर थ्री-फेस मीटर स्थापित करने का कार्य। ई-निविदा सं0 27/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०प्र०/तृ०, मु0नगर के अन्तर्गत 10 किवा0 से 25 किवा0 भार वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर डबल पोल मीटर स्थापित करने का कार्य। ई-निविदा सं0 28/24-25 के सापेक्ष वि०न०वि०खं०-तृ०, मु0नगर के अन्तर्गत 11केवी केबिल बॉक्स उपलब्ध कराते हुए भरने का कार्य। निविदाओं के खुलने की तिथि 22.08.2024 एवं प्रति ई-निविदा धरोहर राशि रू0 2000। कृपया विस्तार में सभी जानकारी हेतु बेबसाईट www.etender.up.nic.in/pvvnl.org से डाउनलोड करें तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए ई-निविदा खुलने के समय तक लॉग ऑन करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मुजफ्फरनगर। पत्रांक: 2399, दिनांक: 06.08.2024

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली।
पत्रांक:- मु0चि0अ0/भर्ती/2024-25 दिनांक- 24.07.2024
शुद्धि - पत्र

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अ०ई-निविदा सूचनाः एतद्द्वारा निम्नलिखित कार्य की अ०ई-निविदा हेतु दिनांक 20.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है। तिथि विस्तार एवं संशोधन तथा अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in एवं www.pvvnl.org पर उपलब्ध रहेंगी। ई-नि0 सं0-48 से 53/2024-25 की धरोहर राशि 2000.00 है। ई-नि0 सं0-48 एवं 49/2024-25 खण्ड-द्वितीय, बागपत में क्रमश उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ, खेकडा में लाईन मेन्टीनेन्स से सम्बन्धित कार्य हेतु। ई-नि0 सं0-50, 51, 52/2024-25, खण्ड-द्वितीय, बडौत में क्रमशः उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ/पंचम में पावर परिवर्तकों के लिंकेज, गेसकिट इत्यादि बदलने का कार्य। ई-नि0 सं0-53, 54, 55/2024-25, खण्ड-द्वितीय, बडौत में क्रमशः उपखण्ड-द्वितीय/चतुर्थ/पंचम में दैवीय आपदा इत्यादि से सम्बन्धित कार्य। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बागपत। विद्युत हैल्प लाईन 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ)। राष्ट्रीय हित में बिजली बचाये। पत्रांक: 3315 दिनांक: 05.08.2024

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
ई-निविदा सूचनाः निम्न निविदायें ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 21-8-2024 को अपराहन 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनके निविदा भाग-प्रथम, उसी दिन सॉय् 16:00 बजे खोले जायेगे यदि निविदा प्रपत्र खोलने वाले दिवस को अवकाश होता है, तो उक्त कार्य के लिये अगला दिवस माना जायेगाः अ0 का0 ईनि0सं0-15/वि० कार्यशाला मं०/मेरठ/2024-25 नि०मू० रु० 3540.00 (जी.एस.टी. सहित) धरो०रा०रु० 50,000.00 विद्युत कार्यशाला खण्ड, मुरादाबाद के अन्तर्गत संचालित बिजनौर, गजरौला, एवं मुरादाबाद विद्युत कार्यशालाओं में उपलब्ध ट्रॉसफार्मरो के गन्दे तेल का परिशोधन IS 1866/2000 के अनुसार साईट पर ही कराने का कार्य। अ0का0ईनि0सं0-16/वि०कार्यशाला मं०/मेरठ/2024-25 नि०मू० रु० 3540.00 (जी.एस.टी. सहित) धरो०रा०रु० 15000.00 विद्युत कार्यशाला मण्डल, मेरठ के अन्तर्गत विद्युत कार्यशाला खण्ड, मेरठ में 25 केवीए से 100 केवीए ट्रॉसफार्मरों के क्षतिग्रस्त/गैर-पुनः प्रयोज्य वेल्डेड टॉप-कवर को नए बोल्टेड टॉप-कवर से बदलने का कार्य। निविदा हेतु वांछित धरोहर राशि व

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु०नगर।
वाद सं0 269 सन् 2022
बुद्धन पुत्र श्री जमीर हसन निवासी ग्राम भिक्की परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।
...वादी
बनाम
1. शानमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 2. शाजमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 3. नाजमियाँ पुत्र नजाकत हुसैन, 4. नसरिन फात्मा उर्फ बीबी पत्नी स्व0 नजाकत हुसैन 5. हैदर अब्बास पुत्र शौकत हुसैन, 6. बहादुर पुत्र जाफर, 7. सज्जाद पुत्र जाफर, 8. मुन्ना उर्फ शाहनवाज पुत्र निसार, 9. मु0 शाहिदा पत्नी शमीम, 10. अफरोज पुत्र मुजाबिर, 11. जहीर आलम पुत्र मुजाबिर, 12. मुन्ना पुत्र मुजाबिर, 13. अली मियां पुत्र मुजाबिर, 14. जमाल हैदर पुत्र मुजाबिर, 15. मुस्ताजाब पुत्र मु0 वजीरी, 16. रफत अली पुत्र रियासत, 17. मुबारक पुत्र रियासत, 18. आरिफ पुत्र रियासत, 19. मजहर अब्बास पुत्र रियासत, 20. मदन सिंह पुत्र पीतम सिंह, 21. रविन्द्र पुत्र पीतम सिंह, 22. विनोद पुत्र पीतम सिंह, 23. सतीश पुत्र पीतम सिंह, 24. राजवीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 25. रणधीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 26. सोहनवीर सिंह पुत्र नकली सिंह, 27. अजब सिंह पुत्र यादराम, 28. सतपाल पुत्र जबर सिंह, 29. चरण सिंह पुत्र जबर सिंह, 30. जगत सिंह पुत्र जबर सिंह, 31. श्रीमती मुनेश पत्नी धीर सिंह, 32. नाजमा पत्नी स्व0 मौ0 जफर, 33. बहादुर अली पुत्र मौ0 जफर, 34. सज्जाद अली पुत्र मौ0 जफर, 35. नजर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 36. अनवर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 37. हैदर अब्बास पुत्र जफर अब्बास, 38. जयपाल सिंह पुत्र श्याम सिंह, 39. संजय पुत्र श्याम सिंह, 40. श्रीमती वीरमती पत्नी श्याम सिंह, 41. बिनेश पुत्र संजय कुमार, 42. कमर पालो पत्नी जयप्रकाश, 43. विनोद कुमार पुत्र सुन्डू, 44. महीपाल पुत्र अचपल, 45. श्रीपाल सिंह पुत्र अचपल, 46. सुखपाल सिंह पुत्र अचपल, 47. सुनित कुमार पुत्र अचपल, 48. प्रवीन कुमार पुत्र आनन्द, 49. सन्दीप कुमार पुत्र आनन्द, 50. बबलू कुमार पुत्र आनन्द, 51. श्रीमती मुकेश पत्नी विनोद कुमार, 52. मदन पुत्र सुन्डू, 53. पपीन पुत्र आनन्द, 54. पीतम पुत्र मूला, 55. कैलाश पुत्र काला, 56. बालिस्टर पुत्र ईशम पाल, 57. सैनू पुत्र ईशमपाल, 58. कालू उर्फ विपिन कुमार पुत्र बाबूराम, 59. नवीन कुमार पुत्र बाबूराम, 60. पंकज पुत्र ऋषिपाल, 61. सचिन पुत्र ऋषिपाल, 62. पप्पू उर्फ मंगत पुत्र तेजपाल सिंह, 63. जोगेन्द्र पुत्र तेजपाल सिंह, 64. कृष्णपाल उर्फ लाल्ला पुत्र तेजपाल सिंह, 65 श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी स्व0 तजपाल सिंह, 66. त्रिलोकचन्द पुत्र जबर सिंह, 67. नवाब सिंह पुत्र कीरथ पाल, 68. जोगेन्द्र पुत्र तेजपाल समस्त निवासीगण ग्राम रसूलपुर परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 69. उत्तर प्रदेश द्वारा कलैक्टर मुजफ्फरनगर। 70. ग्राम सभा/ग्राम पंचायत रसूलपुर परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।
...प्रतिवादीगण
वाद अन्तर्गत धारा 144/134 UPRC Act
ग्राम : ग्राम रसूलपुर, परगनाः भोकरहेडी
तहसील जानसठ जिला मु0नगर।
वाद उपरोक्त बुद्धन पुत्र श्री जमीर हसन निवासी ग्राम भिक्की परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर, द्वारा दायर किया गया है। वाद उक्त की बाबत प्रतिवादीगण को वाद उक्त के सम्बन्ध में हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 09.08.2024 को प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुतालिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को, जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करें। अगर बराजे मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी

← →